# सभी विधानसभा क्षेत्रों में होंगे कृषि सम्मेलन

## मप्र देश का इकलौता राज्य, जो 5 रुपए में बिजली कनेक्शन दे रहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे.**

किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा. कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. मप्र, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है. ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में कृषि सम्मेलन होंगे.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मप्र के पुराने विधानसभा भवन का पवित्र स्थान है. इस स्थान पर कृषक कल्याण योजनाओं पर केन्द्रित कार्यशाला राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र को दी जा रही प्राथमिकता का भी प्रतीक है.

### दुग्ध उत्पादन 20% बढ़ेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है. पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है. अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है. दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा है. इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं. राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के तहत आ जाता है.

### जल संचयन में मॉडल स्टेट बनेगा मध्यप्रदेश

भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है. इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं. समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मप्र समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा. प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मप्र जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है. भारतीय नववर्ष प्रतिपदा गुढ़ी पड़वा के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है.

# इंदौर-मुंबई राजमार्ग पर एलिवेटेड कॉरिडोर, फ्लाई ओवर और अंडर पास बनाएगा एनएचएआई

- 375 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का टेंडर जारी करने की तैयारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर रीजन के इंदौर मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर एनएचएआई द्वारा एलिवेटेड कॉरिडोर, फ्लाई ओवर और अंडर पास का निर्माण किया जाएगा. उक्त तीनों कार्य की एनएचएआई ने अनुमानित लागत 378 करोड़ से ज्यादा है. इसके टेंडर जारी करने की एनएचएआई तैयारी कर रहा है, जो अप्रैल महीने में जारी होने की संभावना है.**

केंद्र सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय ने इंदौर मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन नई योजनाओं की स्वीकृति दे दी है. इसके तहत राऊ फ्लाई ओवर के आगे एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य किया जाएगा. राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर ही धामनोद में बायपास पर 6 लेन फ्लाई ओवर निर्माण का निर्माण होगा. इसके अलावा सिरसोदिया जंक्शन (मांडू धार जाने वाला रास्ता) पर अंडर पास बनाया जाएगा. एनएचएआई द्वारा इंदौर मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर राऊ फ्लाई ओवर के आगे पिगडम्बर पर 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर, धामनोद बायपास पर डेढ़-डेढ़ किलोमीटर लंबे तीन लेन के दो फ्लाई ओवर और सिरसोदिया जंक्शन पर 650 मीटर लंबा 6 लेन अंडर पास बनाया जाएगा.

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार उक्त तीनों निर्माण कार्य के टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू हो चुकी है. टेंडर जारी करने के पहले टेंडर शर्त और नियमों बनाने को लेकर मध्य प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में कसरत चल रही है.



### राजमार्ग की योजनाओं का विवरण

1. राऊ से आगे मेडिकैप्स कॉलेज और पिगडंबर चौराहे तक 2.1 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर।
अनुमानित लागत - 172.27 करोड़ रुपए
2. धामनोद बायपास पर 1.5 और 1.5 किलोमीटर लंबे 6 लेन फ्लाई ओवर
अनुमानित लागत - 73.495 करोड़ रुपए
3. सिरसोदिया जंक्शन पर 6 लेन अंडर पास (मांडू धार जाने वाले रास्ते पर)
अनुमानित लागत - 132.31 करोड़ रुपए

# गोबर से बनी सामग्री राज्यपाल और मुख्यमंत्री को करेंगे भेंट

- विक्रम विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह में इस बार एक अनोखी और पर्यावरण-संदेश देने वाली पहल देखने को मिलेगी. समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को गोबर और मिट्टी से निर्मित पारंपरिक व पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भेंट की जाएंगी, जो स्वावलंबन, अहिंसा और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन का संदेश देंगी.**

यह विशेष भेंट आचार्य विद्यासागर पीठ एवं शोध संस्थान की ओर से दी जाएगी. संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठी, सचिव दीपक जैन और कार्यक्रम संयोजक प्रसन्न बिलाला ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से स्वावलंबन, अहिंसा और प्रकृति-सम्मत जीवन के आदर्शों को समाज में व्यवहारिक रूप से स्थापित करने की दिशा में यह पहल की जा रही है. दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को गोबर से निर्मित प्राकृतिक घड़ी, मिट्टी के पर्यावरण अनुकूल बर्तनों का सेट, पारंपरिक बंधनवार सहित कई उपयोगी वस्तुएं भेंट की जाएंगी.

इन उत्पादों का निर्माण प्रतिभास्थली, जबलपुर की छात्राओं तथा निर्धन एवं नि:शक्त महिला-पुरुषों द्वारा किया गया है.




### तीसरा दीक्षांत समारोह आज

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को प्रात: 11 बजे माधव भवन प्रशासनिक परिसर स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा. समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. समारोह में 103 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 74 विद्यार्थियों को पीएचडी तथा एक विद्यार्थी को डी-लिट की उपाधि प्रदान की जाएगी. कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

### संत समाज का आंदोलन

**भिण्ड.** जिले में ग्वालियर-भिण्ड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग 719 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर आज दोपहर मालनपुर के बरेठा टोल प्लाजा पर 'नो रोड, नो टोल' आंदोलन शुरू हो गया.

**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
R-23, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, दूरभाष : 0755-2552663
फैक्स : 0755-2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in
Website: https://labour.mp.gov.in/Default.aspx

**अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने के संबंध में शुद्धि पत्र सूचना**

श्रम विभाग, म.प्र. शासन अंतर्गत गठित मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा अनुभवी अधिवक्ताओं/कानून विशेषज्ञों का पैनल गठित किये जाने हेतु पात्र अधिवक्ताओं से दिनांक 16.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक के स्थान पर 18.03.2026 को सायं 5:00 बजे तक पढ़ा जावे। अधिवक्ताओं हेतु पात्रता की शर्तें एवं अन्य विस्तृत विवरण मण्डल की वेबसाइट www.labour.mp.gov.in पर 'Circular' सेक्शन में उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/124937/2026 — सचिव

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, इन्दौर संभाग क्र. 1, जी-13 प्रथम तल, एम.आई.जी. कॉलोनी क्रिश्चियन एमीनेंट स्कूल के पीछे, इंदौर, दूरभाष :- 9425601533

**निविदा सूचना क्र. 19/2025-26**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, इन्दौर संभाग क्र. 1, इन्दौर द्वारा जिला इन्दौर में सांदीपनि शासकीय उ.मा. विद्यालय, मल्टीमल्हार आश्रम, इन्दौर के बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा क्र. 2026_MPPHC_491264 आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124936/2026 — परियोजना यंत्री




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक | HDFC BANK | SBI card | क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs
INDIA'S FIRST# 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलाम: एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमच: उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौर: रामदर्शन हीरो 9289922369, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**